




# दिव्यांग बच्चों संग कलेक्टर ने मनाई मकर संक्रांति

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति का पर्व इस बार शिवपुरी में मानवीय संवेदना, सेवा और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बना, जब कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने दिव्यांग एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ यह पर्व पूरे आत्मीय भाव से मनाया। मंगलम संस्था के केंद्र पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था।

**मंगलम संस्था व ग्रामीण बैंक समाजसेवा समिति का संयुक्त आयोजन**

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर चौधरी ने दिव्यांग बच्चों को ऊनी कपड़े, आकर्षक खिलौने भेंट किए और मकर संक्रांति के पारंपरिक व्यंजन मंगोड़े व खिचड़ी का वितरण किया। बच्चों ने कलेक्टर के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं, जिससे माहौल उत्सवमय बन गया। यह आयोजन मंगलम संस्था एवं ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मंगलम संस्था परिसर में स्थापित नई ई-लाइब्रेरी और आस्था केंद्र का शुभारंभ भी किया। ई-लाइब्रेरी में दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे उनकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। साथ ही एलम्बकों आसरा एवं सेवा केंद्र का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया, जो दिव्यांग बच्चों के सहारे और सेवा का केंद्र बनेगा। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलती है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए आगे आएं। कार्यक्रम में मंगलम संस्था के अध्यक्ष डॉ. गोविंद सिंह, सचिव राजेंद्र मजेजी, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, ग्रामीण बैंक समाज सेवा समिति के संरक्षक एस.के.एस. चौहान व भवानी शंकर शर्मा, समाजसेवी भरत अग्रवाल, सामाजिक न्याय विभाग की सहायक संचालक नम्रता गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला व दो बच्चों को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 14 जनवरी।** नरवर नगर के करण समाज के मंदिर के पास से एक महिला व दो बच्चों को अपहरण किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था उसी क्रम में आज नरवर पुलिस ने युक्त महिला ब दो बच्चों को बरामद कर लिया है तथा आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि फरियादी नरेंद्र जाटव निवासी मुबारकपुर ने नरवर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी अपहरण महिला ,उसके दो बच्चों को आरोपी जगतसिंह जाटव, पदम जाटव एक अन्य व्यक्ति द्वारा अपहरण करने की रिपोर्ट पर थाना नरवर ने धारा 137 (2 ) 140 (3)3(5) बी एन एस कायब कर विवेचना में लिया गया, शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौड़ ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले ,करेरा एसडीओपी आयुष जाखड़, पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा द्वारा युक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरिक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए युक्त घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों अवलोकन किया ,मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया ,तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जगत सिंह अपने साथियों के साथ अपहरणकर महिला,उसके दो बच्चों को लेकर ग्राम पाडरखेड़ा जंगीपुर के तालाब के पास घेरकर बैठा हुआ था ,युक्त सूचना पर त्वारिक पुलिस टीम को रवाना किया गया व थाना गोपालपुर थाना बैराड़ को भी अवगत कराकर संबंधित थाने से टीम तैयार की, तीनों टीमों के द्वारामुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर अपहरणकरता व उसके दोनों बच्चों को ग्राम पाड़रखेड़ा जंगीपुर के तालाब के पास थाना गोपालपुर क्षेत्र से आरोपीगणों के कब्जे से मुक्त कराकर विधिवत्त दस्तयाब किया गया आरोपी जगतसिंह जाटव पुत्र हरचरण जाटव निवासी निजामपुर मंगरौनी व आरोपी शिवकुमार गुर्जर पुत्र बचन सिंह गुर्जर निवासी ग्राम भीकनपुर फतेहाबाद आगरा को गिरफ्तार किया गया , ब अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**कार्रवाई में यह पुलिसकर्मी रहे शामिल**

कार्रवाई में निरीक्षक विनय यादव थाना प्रभारी नरवर ,उपनरीक्षक प्रियंका शुक्ला ,धर्मेंद्र शिवहरे थाना बैराड़ ,उप निरीक्षक विनोद यादव थाना गोपालपुर ,सहायक उप निरीक्षक राधाकृष्ण बंजारा, राकेश यादव ,प्रधान आरक्षक हरेकृष्णा यादव, सुनील भार्गव, भोलेसिह ,आरक्षक प्रभजोत सिंह, अजय गुर्जर ,गौरव, दीपक पुरोहित, रामवीर, पवनपुरी, परमाल सिंह , मादोसिंह,अनिल चतुर्वेदी, अवधेश कुमार भारद्वाज ,गजेंद्र जाटव, चालक राजबहादुर सिंह चकोठिया आदि की युक्त कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में

### नेपाल सिंह बघेल बने जर्नलिस्ट्स यूनियन के जिलाध्यक्ष



**शिवपुरी, 14 जनवरी।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जंप) के संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए प्रांतीय नेतृत्व द्वारा एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय बेचैन, प्रांतीय संगठन सचिव राहुल सक्सेना एवं ग्वालियर संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत की अनुशंसा पर नेपाल सिंह बघेल को शिवपुरी जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी श्री बघेल को यह दायित्व आगामी आदेश तक सौंपा गया है। संगठन को श्री बघेल से अपेक्षा है कि वे शीघ्र ही जिले की समस्त तहसीलों में संगठन के नियमों के अनुरूप तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करेंगे।

## शिवपुरी-पोहरी मार्ग पर आवागमन प्रतिबंधित

**शिवपुरी, 14 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा थाना प्रभारी यातायात से प्राप्त अभिमत एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शिवपुरी की अनुशंसा के आधार पर रेलवे स्टेशन शिवपुरी की तरफ जाने वाले रैंक के भारी वाहनों को शहर के अंदर से आवागमन की अनुमति प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है। जारी आदेश के तहत कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग ग्वालियर की ओर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर सार्वजनिक सुरक्षा एवं आम जन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग से प्रतिबंधित करते हुए शहर के अंदर से आवागमन की अनुमति प्रदान की गई है।

# 90 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**करैरा, 14 जनवरी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एव एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एव उनकी टीम के द्वारा लगातार दविश देकर कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के क्रम मे थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि इंदर कुमार जाटव निवासी सिरसोना का शराब की दो कट्टी व मोटर साइकिल लिये कहीं जाने के लिए किसी के इंतजार में जुझाई पुल के पास नर्सरी पर खडा है। सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान पर पहुंचे तो जुझाई पुल नर्सरी के पास एक व्यक्ति मोटर साइकिल लिये व पास में दो कैन रखे खडा मिला जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पकड़कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम इंदर कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सिरसौना मजरा कोंडरपुरा थाना करैरा का होना बताया उसके पास रखी 02 कैनों बारे में पूछा तो दोनों कैनों में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी होना बताया इंदर कुमार जाटव से उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस पूछा तो उसने अपने पास लायसेंस नहीं होना बताया तब आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कट्टी जिसमे 90 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जिसकी कीमत 18000 रुपये एवं स्पेलेंडर मोटर साइकिल स्क्र 33ष्ठ2413 कीमती 80000 रुपये को विधिवत जप्त किया आरोपी इंदर कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र बारेलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सिरसौना मजरा कोंडरपुरा थाना करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 33/26 धारा 34(2) आबकरी एक्ट का पंजीबध्द किया गया।



**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री विनोद छावई, सउनि चरण सिंह, प्रआर डैनी कुमार, आर 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर 895 राधेश्याम जादौन, आर 835 सुरेन्द्र रावत, आर 1165 मत्स्येन्द्र गुर्जर थाना करैरा जिला शिवपुरी की मुख्य भूमिका रही है।



# महिलाओं की सहभागिता से आगे बढ़ रहा सनातन धर्म

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 14 जनवरी।** जय हनुमान चालीसा बागेश्वर धाम भक्त मंडल के तत्वावधान में 13 जनवरी, मंगलवार को जिला पशु चिकित्सालय स्थित हनुमान मंदिर में भव्य रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

**पशु चिकित्सालय परिसर में धूमधाम से हुआ हनुमान चालीसा पाठ**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की, जिसमें महिलाओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

संगठन के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र पिपलोदा एवं शोभा शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं बढ़-चढ़कर धार्मिक कार्यों में भाग ले रही हैं और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में उनकी प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि हाल ही में शिव में आयोजित ऐतिहासिक भागवत कथा में लाखों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, जो इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं धार्मिक चेतना की मजबूत कड़ी बन रही हैं।

हनुमान चालीसा पाठ के दौरान महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए लोगों से अपील की कि घर-घर हनुमान चालीसा का पाठ होना चाहिए, जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित हों और परिवारों में सकारात्मक वातावरण बने। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती नयना भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जय हनुमान चालीसा बागेश्वर धाम भक्त मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील उपाध्याय एवं महावीर मुद्गल ने किया।

# तहसीलदार ने कब्जाधारियों को थमाए नोटिस, मचा हड़कम्प

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी, 14 जनवरी।** शिवपुरी श्योपुर रोड पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर लगातार शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया गया है। पोहरी तहसीलदार लज्जाराम राजोरिया ने सालों से कब्जा जमा रखे अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमा दिए। बता दें कि पोहरी में शिवपुरी श्योपुर रोड का निर्माण कार्य की लगातार शिकायत के बाद एसडीएम अनुपम शर्मा ने अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने के लिए एक दल बनाया और राजस्व दल ने विगत दिनों पूर्व अतिक्रमण चिन्हित कर लाल निशान लगा दिए है।आज पोहरी तहसीलदार ने रोड़ पर सालों से कब्जा जमा रखे अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमा दिए है। साथ ही तीन दिवस में अपने साक्ष्य पेश करने व अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए है। इसके साथ दुकानों पर नोटिस का चस्पा भी करवा दिया है।

**17 जनवरी से शुरू होगी अवैध अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही**

प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से अपने वैध दस्तावेज मांगे हैं। अन्यथा तीन दिवस में अतिक्रमण ना हटाने की दशा में 17 जनवरी को प्रशासन सालों से किए गए अतिक्रमण पर प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगा। जिसका हर्जा खर्चा व किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी अतिक्रमणकारियों की होगी।

**इनका कहना है...**

लगभग 150 लोगों को नोटिस दिए हैं, तीन दिवस का समय दिया गया है। 17 जनवरी से अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से किए गए कब्जा पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

**- लज्जाराम राजोरिया, तहसीलदार**

# हत्या के केस में एक महीने से फरार जयवीर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 14 जनवरी।** नूराबाद पुलिस ने हत्या के मामले में करीब एक महीने से फरार चल रहे आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि नूराबाद थाने में दर्ज अपराध क्रं. 197/25 में नामजद जयवीर सिंह पुत्र साहब सिंह गुर्जर नि. बरेंडा हाल कुशवाह कॉलोनी मुरैना घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने बुधवार को एनएच-44 हाईवे पर सैय्यद नहर के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि हत्या के इस मामले में नामजद 3 अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी और उनकी टीम का अहम योगदान रहा है।

# गणेशखेड़ा में शिक्षा की अलख जगाई, साइकिलों की सौगात से बढ़ाया हौंसला

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 14 जनवरी।** शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम मानते हुए युवा नेता सक्षम जैन ने शिवपुरी विधानसभा के ग्राम गणेशखेड़ा में एक प्रेरणादायी पहल की। संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सी.एम. राइज स्कूल) में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना और दूरी जैसी बाधाओं को समाप्त करना रहा।

साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर जो खुशी और आत्मविश्वास नजर आया, वह इस योजना की सार्थकता को स्वयं बयां कर रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सक्षम जैन ने कहा कि साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण बच्चों के सपनों को गति देने का माध्यम है। कोई भी बच्चा सिर्फ दूरी या संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे, यही सरकार और हमारा संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम के पश्चात सक्षम जैन ने विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सी.एम. राइज स्कूल की भव्य बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और समय-सीमा को लेकर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों से चर्चा की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य तय समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त, विश्वस्तरीय शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की प्रगति और आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। सक्षम जैन ने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जिससे गांव, समाज और प्रदेश का सर्वांगीण विकास संभव है। उनकी इस सक्रियता और छात्रों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की स्थानीय ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# अम्बेडकर पार्क के समीप मकर संक्रांति पर लड्डू वितरण

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शिवपुरी पब्लिक स्कूल के संचालक अशोक ठाकुर द्वारा फतेहपुर चौराहा स्थित अंबेडकर पार्क के समीप लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा एवं उनके मार्गदर्शन में सामाजिक सेवा की भावना को सशक्त करते हुए संपन्न हुआ। ठंड के मौसम में तिल-गुड़ की मिठास के साथ पर्व की खुशियां साझा करते इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना दिया। बड़ी संख्या में राहगीरों, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने लड्डू ग्रहण कर प्रसन्नता व्यक्त की।

केशव सिंह तोमर (प्रदेश कार्य समिति सदस्य), राकेश गुप्ता (सांसद प्रतिनिधि), मुकेश जैन (भाजपा मीडिया प्रभारी), नीरज सिंह तोमर (जिला मंत्री, भाजपा), पार्षद सुधीर आर्य एवं समाजसेवी रमेश रावत ने सहभागिता कर आयोजक को शुभकामनाएं दीं तथा आमजन को मकर संक्रांति की बधाई दी। शिवपुरी पब्लिक स्कूल के संचालक अशोक ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रेरणादायी नेतृत्व और मार्गदर्शन से हमें समाजसेवा के कार्य करने की निरंतर प्रेरणा मिलती है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य केशव सिंह तोमर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से हो रहे ऐसे आयोजन समाज में सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने संक्षेप में कहा कि मकर संक्रांति पर इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।




बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

बैंक ऑफ बड़ौदा, ग्वालियर मैन ब्रांच, प्रथम तल जे.के. प्लाजा
गस्त का ताजिया चौराहा, लश्कर, ग्वालियर-474001 (म.प्र.)
Ph.:0751- 2421992, Email : gwalio@bankofbaroda.com

परिशिष्ठ चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

| कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता | ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि | नीलामी की तारीख एवं समय | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| **ऋणी : श्री अमित जैन पुत्र स्व. श्री प्रभाष चन्द्र जैन 2. श्रीमती अंतिमा जैन पत्नि अमित जैन** पता : (ए) फ्लैट नंबर 104, प्रसन्न अपार्टमेंट, नई सड़क, लश्कर, ग्वालियर-474001 पता : (बी) नगर निगम पुराना नंबर 19/105 तब 39/444 और तब नया प्लॉट नंबर 37/488, वार्ड नंबर 37 जी-13, जाग्रति नगर, लक्ष्मीगंज, लश्कर, ग्वालियर में स्थित है | **सम्पत्ति स्वामी - श्री अमित जैन पिता प्रभाष चंद्र जैन -** नगर निगम का पुराना नंबर 19/105, तब 39/444 और अब नया प्लॉट नंबर 37/488, वार्ड नंबर 37, जी-13, जागृति नगर लक्ष्मी गंज लश्कर, ग्वालियर जिला-ग्वालियर में स्थित अचल संपत्ति का पूरा हिस्सा। प्रोपर्टी का एरिया 858 वर्ग फुट। **चतुर-सीमाएँ : उत्तर :** दूसरों का घर, **दक्षिण :** आम रास्ता, **पूर्व :** खंडेलवाल का घर, **पश्चिम :** मातादीन का घर | ₹ 26,50,000/- / 2,65,000/- / 10,000 | 17-02-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM (सांकेतिक कब्जा) | 16-05-2025 / 30-08-2025 / ₹ 29,93,042.71/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53122

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 14/01/2026 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा